प्रकाशनार्थ

14 जून 2024

गोरखपुर। विश्व रक्तदाता दिवस के शुभ अवसर पर एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैेंक में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में रक्तदाताओं का सम्मान तथा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित की गई। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ द्वारा ब्लड बैंक के टेक्नीशियन एंव कर्मचारियों द्वारा पुष्प-गुच्छ एवं प्रतिकात्मक भेंट स्वरूप मग तथा चाभी का छल्ला से किया गया इसके पश्चात् चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ0 डी0 सी0 ठाकुर द्वारा स्वागत भाषण दिया गया ब्रिगेडियर डॉ. ठाकुर ने रक्तदान के महत्व तथा इससे होने वाले लाभ एवं इसके महत्व पर प्रकाश डाला ।

प्रस्तावकी डॉ0 अवधेश अग्रवाल, प्रभारी ब्लड बैंक में रक्तदाता दिवस के महत्व को बताया कि यह महान वैज्ञानिक ब्लड बैंक के पितामाह तथा रक्त समूह के अविष्कारक श्री कार्ल लैंड स्टाइनर जिनका जन्म 14 जून 1868 में हुआ था, उसके उपलक्ष्य में मनाया जाता है। सर्वप्रथम इसके समारोह का रूप वर्ष 2024 में कुछ विश्व स्वास्थ संगठनों जैसे - विश्व स्वास्थ संगठन तथा रेड क्रास सोसायटी के सामूहिक प्रयास से प्रारम्भ किया गया। इसी क्रम में इस वर्ष इस विश्व रक्तदाता दिवस का थीम है ’’20 वर्ष का देय‘‘ गोरखपुर परिक्षेत्र के औषधि निरीक्षक जयसिंह जी ने रक्त दान से सम्बन्धित विभिन्न भ्रांतियों को दूर करके रक्तदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में बढ़कर रक्तदान करने का आह्‌वान किया। श्री जसपाल सिंह अध्यक्ष गुरू द्वारा प्रबंधक कमेटी जटाशंकर जो कि स्वंय गोरखपुर में रक्तदान का एक कीर्तिमान स्थापित कर चुके है लगभग 80 बार रक्तदान करके मानवता का पाठ पढ़ाया है। उन्होंने भी रक्तदाताओं से रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले तथा रोगियों के प्राणों की रक्षा करें।

औषधि निरीक्षक आभासी रूप से इस कार्यक्रम से जुडे थे। उन्होनंे सभी रक्तदाताओं से यह अपील कि जब तक ब्लड बैंक रक्त से परिपुर्ण नहीं होंगे तब तक किसी भी रोगी को रक्त आपुर्ति करनें में बहुत कठिनाई होगी। श्री जयसिंह ने गोरक्षनाथ ब्लड बैंक की सराहना करते हुए कहा की यह ब्लड बैंक पुर्वांचल ही नही

अपितु पुरे प्रदेश में सु ुरक्षित रक्त आपुर्ति कर रहा है तथा सीमावर्ति देश नेपाल एंव सटा हुआ राज्य बिहार के लोग भी इससे लाभान्वित हो रहे है। कार्यक्रम में आगे सभी रक्तदाताओं का सम्मान किया गया। तथा स्वस्थ्य एवं 3 माह पुर्व जो रक्तदान कर चुके है उन सब ने रक्तदान शिविर में भाग लिया कुल मिलाकर लगभग 48 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

तत् पश्चात् चिकित्सालय के अपर निदेशक डॉ. कामेश्वर सिंह ने सभी आवगंतुक के प्रति आभार व्यक्त किया डॉ. कामेश्वर ने रक्तदाताओं को शुभकामनाए प्रेषित करते हुए उनसे अपेक्षा की वे भविष्य में भी इसी प्रकार रक्तदान करके मानवता तथा समाज की सेवा करने में कोई कमी या कसर न छोडं े। पुरे कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश पंजाबी आकेडमी के सदस्य श्री जगनैन सिंह निटू जी ने किया अंत में कार्यक्रम का समापन जलपान के पश्चात् हुआ। इस कार्यक्रम में चिकित्सालय के अधिकारी गण टेक्नीशियन फार्मासिस्ट नर्स तथा कर्मचारी और नगर के तमाम गणमान्य व्यक्ति पत्रकार बन्धु एवं समाजसेवी भारी संख्या में उपस्थित रहे।